# हैंडबाल की 9 बहनों का SGFI में हुआ चयन



विद्यालय के प्राचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि हमारी हैंडबॉल की टीम कई दशकों से राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रही है और हमारी हैंडबॉल की पूर्व छात्राएं अतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर विद्यालय का नाम रोशन करती आ रही हैं। इस वर्ष भी विद्यालय की 9 बहनों का चयन राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता एस.जी.एफ.आई. के लिए हुआ है, जिसका श्रेय खेल विभाग को जाता है, क्योंकि उनकी कड़ी मेहनत का सुखद परिणाम हमें हमारे खिलाड़ी भैया बहनों की सफलता के रूप में सुखद अनुभूति कराता है। चयनित बहनों के नाम इस प्रकार से हैं :- दिशा, कशिश, महक, दीक्षा, स्नेहा, दीपांशी, रिद्धि, पूजा, खुशी।

## दिशा ने जीता बेस्ट एथलीट अवार्ड



विद्या भारती द्वारा उत्तर क्षेत्र खेलकूद प्रतियोगिता मानसा में सम्पन्न हुई, जिसमें 100 मीटर दौड़ में दिशा ने गोल्ड मेडल जीता। 4×100 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। दिशा को इन उपलब्धियों के लिए बेस्ट एथलीट के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## खेल क्षेत्र में विद्यालय की उपलब्धि

### पदक तालिका 2022-2023

| स्वर्ण | | रजत | | कांस्य | |
|---|---|---|---|---|---|
| हैंडबाल - | 29 | दौड़ - | 3 | गोला फेंक - | 1 |
| लौंग जम्प - | 2 | भाला फेंक - | 1 | हैंडबाल - | 11 |
| दौड़ - | 7 | कुश्ती - | 1 | तैराकी - | 1 |
| डिस्क थ्रो - | 2 | तैराकी - | 1 | दौड़ - | 3 |
| कुश्ती - | 2 | | | तीन कूद - | 1 |
| तैराकी - | 4 | | | शतरंज - | 2 |

## शतरंज के खेल में हुनर तलाश रहे हैं खिलाड़ी भैया बहन



विद्यालय का खेल विभाग बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को निखारने में सदैव लगा रहता है। वह हर खेल में छात्रों की कुछ ना कुछ पकड़ बने इसके लिए विभिन्न चयन प्रक्रियाओं के दौरान चयनित भैया बहनों को उनके अनुसार खेल क्षेत्र में आगे बढ़ाता है। इसी कड़ी में शतरंज के भैया बहन अपने हुनर को निखारने में लगे हैं और जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर की प्रतियोगिता में नए मुकाम हासिल कर रहे हैं। विद्या भारती द्वारा आयोजित अंबाला में राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भैया विवेक, हितेश, आदित्य, जतिन ने भाग लिया और कांस्य पदक जीता।

इस उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, सचिन, पंकज शर्मा कोषाध्यक्ष, अश्वनी गुप्ता ने बधाई दी और कहा कि हमारे होनहार छात्र खेल के क्षेत्र में लगातार पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन करते आ रहे हैं। यह हमारे लिए खुशी की बात है।

# सिलंबम मार्शल आर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर तनु और रिंशुल ने जीता सिल्वर मेडल

### मलेशिया में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तनु करेगी प्रतिभागिता





विद्यालय की दो बहनें तनु और रिंशुल ने राष्ट्रीय स्तर पर सिंबा मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भाग लेकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता तमिलनाडु मदुरई में आयोजित हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय की बहन तनु मलेशिया में जाएगी। यह प्रतियोगिता 60 किलोग्राम वर्ग में आयोजित होगी। राष्ट्रीय स्तर पर रिंशुल ने 50 किलोग्राम वर्ग में पदक जीता था, जिसका राज्य स्तर का आयोजन जींद में ही हुआ था। दोनों विजेता छात्रों को विद्यालय परिवार ने अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## डिस्क थ्रो में दिशा ने जीता सिल्वर मेडल



विद्या भारती द्वारा अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता बिहार में आयोजित हुई जिसमें विद्यालय की बहन दिशा ने डिस्क थ्रो में सिल्वर मेडल जीता। दिशा हैंडबॉल की भी राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी है और अनेक प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी है। दिशा राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट एथलीट का अवार्ड भी जीत चुकी है।

## हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित 13वीं तैराकी प्रतियोगिता में रमन ने जीता कांस्य पदक



हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित 13वीं तैराकी प्रतियोगिता में रमन ने कांस्य पदक जीत कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता पलवल में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भैया रमन ने रजत पदक हासिल किया। इससे पूर्व भी वह कई प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुका है।

## प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में महक ने लॉन्ग जंप में जीता गोल्ड मेडल



विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रान्तीय खेलकूद प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र में सम्पन्न हुई, जिसमें बहन महक ने लोंग जम्प में गोल्ड मैडल जीता। महक हैंडबाल की भी अच्छी खिलाड़ी है और कई राज्य व उत्तर क्षेत्र की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीत चुकी है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नवदीप ने जैवलिन थ्रो में जीता सिल्वर मेडल



विद्या भारती द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जैवलिन थ्रो में भैया नवदीप ने सिल्वर मेडल जीता। इससे पूर्व भी कई अन्य प्रतियोगिताओं में भी नवदीप अपनी प्रतिभा को दिखा चुका है और वह चाहते हैं कि देश के लिए खेलकर देश का नाम रोशन करें। खेल क्षेत्र में वह अपने आदर्श नीरज चोपड़ा को मानते हैं। उन्हीं की तरह अपनी खेल प्रतिभा को निखारकर देश के लिए ओलम्पिक में गोल्ड मेडल लाने की चाहत मन में संजोए हुए हैं।